प्रतिदर्श प्रश्न पत्र–2020
नागरिकशास्त्र
कक्षा–12

समय : 3 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक : 100**

निर्देशः –
(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(iii) प्रश्न संख्या–1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
(iv) प्रश्न संख्या–11 से 20 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 10 शब्दों में देना है।
(v) प्रश्न संख्या–21 से 26 तक के प्रश्नों का उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में देना है।
(vi) प्रश्न संख्या–27 से 30 तक के प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर लगभग 100–125 शब्दों में देना है।
(vii) प्रश्न संख्या–31 एवं 32 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर लगभग 250 शब्दों में देना है।
(viii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिये गये हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1– स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री थे– 1

(अ) रफी अहमद किदवई (ब) मौलाना अबुल कलाम आजाद

(स) सर्वपल्ली राधाकृष्णन (द) पी0डी0 टण्डन

2– 'नीति आयोग' अस्तित्व में आया– 1

(अ) 1 दिसम्बर 2015 (ब) 1 फरवरी 2015

(स) 1 जनवरी 2015 (द) 1 नवम्बर 2015

3– 14 निजी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था– 1

(अ) 1968 ई0 में (ब) 1966 ई0 में

(स) 1965 ई0 में (द) 1967 ई0 में

4— 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया गया था— 1

(अ) महात्मा गाँधी (ब) लाल बहादुर शास्त्री

(स) सी0 राजगोपालाचारी (द) सुभाष चन्द्र बोस

5— सुकर्णो किस देश के राष्ट्रपति थे? 1

(अ) थाईलैण्ड (ब) मलेशिया

(स) इण्डोनेशिया (द) श्रीलंका

6— मैनकाइंड एवं जन के संस्थापक/सम्पादक थे? 1

(अ) डॉ0 राम मनोहर लोहिया (ब) पं0 जवाहर लाल नेहरू

(स) अटल बिहारी वाजपेयी (द) मोरार जी देसाई

7— 'दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौता (SAFTA) प्रभावी हुआ— 1

(अ) 1 जनवरी, 2006 से (ब) 1 जनवरी, 1998 से

(स) 1 जनवरी, 2001 से (द) 1 जनवरी, 2002 से

8— 'आपरेशन इनफाइनाइट रीच' चलाया गया— 1

(अ) जर्मनी के द्वारा (ब) संयुक्त राज्य अमरीका के द्वारा

(स) चीन के द्वारा (द) फ्रांस के द्वारा

9— 'अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय' में न्यायाधीशों की संख्या है— 1

(अ) 10 (ब) 12

(स) 15 (द) 20

10— 'अवर कामन फ्यूचर' सम्बन्धित है— 1

(अ) बर्टलैण्ड रिपोर्ट (ब) पृथ्वी सम्मेलन

(स) अंटार्कटिका संधि (द) मांट्रियल न्यायाचार

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

11— 'दि राष्ट्र सिद्धान्त' की बात किसके द्वारा की गई एवं कब मान ली गई? 1+1

12— संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद के दो स्थायी सदस्य राष्ट्रों का नाम लिखिए। 1+1

13— गाँधी जी के दो प्रमुख सिद्धान्त कौन—से थे? 1+1

14— स्वतंत्र भारत में प्रथम आम चुनाव कब हुए थे? प्रथम चुनाव आयुक्त कौन थे? 1+1

15— 'बाम्बे प्लान' का क्या उद्देश्य था? 2

16— अमरीका द्वारा जापान के 'हिरोशिमा' एवं 'नागासाकी' पर गिराये गये परमाणु बमों के नाम क्या थे? 1+1

17— अस्त्र नियंत्रण से आप क्या समझते हैं? 2

18— 1992 का पृथ्वी सम्मेलन किससे सम्बन्धित था एवं कहाँ सम्पन्न हुआ? 1+1

19— 'सिंधु नदी जल संधि' कब एवं किन दो राष्ट्रों के मध्य हुई थी? 1+1

20— विश्व के दो प्रमुख तेल—उत्पादक राष्ट्रों के नाम लिखिए। 1+1

(लघु उत्तरीय प्रश्न–1)

21– हरित क्रांति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 5

22– अन्तर्राष्ट्रीय आण्विक ऊर्जा एजेंसी (IAEA) की स्थापना कब हुई? इसके प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए। 5

23– गठबंधन की राजनीति के पक्ष और विपक्ष में तर्क दीजिए। 5

24– विश्व की साझी विरासत का क्या अर्थ है? इसका दोहन एवं प्रदूषण कैसे होता है? 2+3

25– चिपको आंदोलन की शुरूआत कहाँ से हुई? इस आंदोलन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर एक लेख लिखिए। 1+4

26– पंचायती राजव्यवस्था में कितने स्तर हैं? जिला पंचायत के प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए। 2+3

(लघु उत्तरीय प्रश्न–2)

27– भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 में उल्लिखित 'अन्तर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के दीर्घ बढ़ावे', नीति–निदेशक तत्व के प्रमुख तत्वों का वर्णन कीजिए। 6

28– दक्षिण एशिया में द्विपक्षीय संबंधों को वाह्य शक्तियाँ किस प्रकार प्रभावित करती हैं? स्पष्ट कीजिए। 6

29– असम आन्दोलन सांस्कृतिक अभियान और आर्थिक पिछड़ेपन की मिली जुली अभिव्यक्ति थी। व्याख्या कीजिए। 6

30– महाशक्तियाँ छोटे देशों के साथ सैन्य गठबन्धन क्यों रखती थीं? किन्ही तीन कारणों का उल्लेख कीजिए। 3+3

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

31— जनता पार्टी द्वारा 'शाह आयोग' कब नियुक्त किया गया? इस आयोग की नियुक्ति क्यों की गई थी? इसके निष्कर्षों का उल्लेख कीजिए। 1+3+4

अथवा

किसी राष्ट्र का राजनीतिक नेतृत्व किस प्रकार उस राष्ट्र की विदेश–नीति को प्रभावित करता है? भारतीय विदेश नीति के परिप्रेक्ष्य में इस कथन का मूल्याँकन कीजिए। 3+5

32— दक्षिण एशिया में शांति एवं सहयोग की स्थापना में भारत की भूमिका का उल्लेख कीजिए। साथ ही पड़ोसी देशों की भूमिका का भी मूल्यांकन कीजिए। 4+4

अथवा

भारत–अमरीकी सम्बन्धों का परीक्षण करते हुए सम्बन्धों के सामान्यीकरण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। 4+4

*****